तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **राजू राम** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी लूणी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353996538308620	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13/03/26	अपीलार्थी राजू राम निवासी 564, मंगल नगर, बालाजी नगर, लूणी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 10.11.2025 राजस्व ग्राम मोगड़ा खुर्द के कटानी रास्ता खसरा संख्या 73 को अन्यत्र स्थानांतरित करने एवं उस स्थान को अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज खातेदारी भूमि में मर्ज करने के संबंध में प्रस्तुत परिवाद की कार्यवाही से संबंधित दस्तावेज के संबंध में सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.13 16:39:53 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21044019